हरिभूमि
# हिसार भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 4 अप्रैल 2025

तापमान
अधिकतम 35 .5 डिग्री
न्यूनतम 13 .5 डिग्री

11 लड़कियों की 800 मीटर दौड़ में रिशिका ने सबको...



12 बीज संशोधन एक्ट के विरोध में उतरे खाद-बीज व दवाई...



## खबर संक्षेप

### 1,48 किलो गांजा सप्लाई करने वाला गिरफ्तार

**हांसी।** थाना नारनौंद पुलिस ने 1 किलो 480 ग्राम गांजा सप्लाई करने वाले असल सप्लायर जींद की बसंत विहार कालोनी निवासी प्रदीप उर्फ सन्दीप को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार पकड़े गए आरोपी ने दिसंबर 2024 में राजपुरा भैण निवासी कुलदीप को 1 किलो 480 ग्राम गांजा सप्लाई किया था।

### आदमपुर से चंडीगढ़ रोडवेज सेवा शुरू

**मंडी आदमपुर।** हरियाणा परिवहन विभाग ने क्षेत्र के लोगों की मांग पर आदमपुर से चंडीगढ़ बस सेवा चार अप्रैल से शुरू कर दी है। यह बस आदमपुर से अलसुबह 4 बजे रवाना होकर बरवाला होते हुए चंडीगढ़ पहुंचेगी । वापसी में बस वाया हिसार होकर आदमपुर पहुंच जाएगी। ध्यान रहे कि आदमपुर चौकीदार संघ, मानव कल्याण सेवा ट्रस्ट ने मुख्यमंत्री से मिलकर चंडीगढ़ के लिए दोबारा बस सेवा शुरू करने की मांग की थी।

### पंजाबी धर्मशाला में कल लगेगा फ्री मेडिकल कैंप

**बरवाला।** लायंस क्लब बरवाला सिटी द्वारा 5 अप्रैल को दौलतपुर मार्ग पर स्थित पंजाबी धर्मशाला के प्रांगण में विशाल फ्री मेडिकल कैंप लगाया जाएगा। प्रोजेक्ट चेयरमैन लायन रोशन घनघस ने बताया कि कैंप में मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेवी सुरेंद्र गंगवा द्वारा शिरकत की जाएगी और विशिष्ट अतिथि के रूप में नगरपालिका वाइस चेयरमैन ताराचंद नलवा, प्रधान डॉक्टर देशराज वर्मा व लायन विनीता अग्रवाल मौजूद होंगे।

### रमेश नापा बने नरेगा मेट ब्लॉक-2 के प्रधान

**हिसार।** नरेगा मेटो हिसार ब्लॉक-2 की बैठक स्थानीय बीडीओ ब्लॉक हिसार में हुई। बैठक में हिसार ब्लॉक-2 के 42 गांवों के नरेगा मेट एकत्रित हुए। सभी नरेगा मेटों द्वारा एक नरेगा मेट संगठन का गठन किया गया। इस नरेगा मेट का प्रधान रमेश नापा, महासचिव सोनू कुमार, कोषाध्यक्ष त्रिलोक नंदा व सचिव विजेन्द्र कुमार व विरेन्द्र सिंह व चर्ण सिंह, मंगा सिंह, शिव कुमार, विकास शीशराम, राजेश कुमार, रोहताश पिलानियां, रविन्द्र, संतलाल, संदीप कुमार आदि रहे।

### स्कॉर्पियो से 20 किलो 412 ग्राम गांजा सहित काबू

**हिसार।** पुलिस की स्पेशल स्टाफ टीम ने शास्त्री नगर से एक स्कॉर्पियो गाड़ी सवार युवक को काबू कर गाड़ी से 20 किलोग्राम 412 ग्राम गांजा बरामद किया है। स्कॉर्पियो में बैठे युवक ने अपना नाम चारकुतुब हांसी हाल शास्त्री नगर निवासी नरेंद्र बताया। तलाशी लेने पर गाड़ी के नीचे बनाई गई जगह से 9 पैकेट और 2 पॉलिथीन की थैली बरामद हुई।

### वन्य प्राणी विभाग ने एयरपोर्ट परिसर से पकड़ी 3 नील गाय व एक कुत्ता

# पीएम मोदी के प्रस्तावित दौरे को लेकर प्रशासन की तैयारियां तेज

- एयरपोर्ट गेट के पास प्रधानमंत्री की रैली के लिए तैयारी किया जा रहा मैदान
- पीएम को प्रदर्शनी के माध्यम से हिसार के इतिहास से करवाएंगे रूबरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 14 अप्रैल को महाराजा अग्रसेन एयरपोर्ट पर प्रस्तावित दौरे को लेकर एयरपोर्ट अथॉरिटी तथा जिला प्रशासन ने अपनी तैयारियां युद्धस्तर पर तेज कर दी है। दौरे के दौरान प्रधानमंत्री मोदी एयरपोर्ट से अयोध्या समेत पांच राज्यों के लिए उड़ान सेवा का शुभारंभ करेंगे साथ ही 503 करोड़ की लागत से बनाने वाले नए पैसेंजर टर्मिनल का शिलान्यास भी करेंगे। इस दौरान प्रधानमंत्री एयरपोर्ट के मुख्य गेट के साथ मैदान में एक रैली को भी संबोधित करेंगे। रैली की तैयारियों के चलते मैदान पर साफ-सफाई तथा वहां खड़ी झाड़ियों को काटा जा रहा है, ताकि मैदान को रैलीस्थल के लिए तैयार किया जा सके।



**हिसार।** एयरपोर्ट परिसर में साफ-सफाई में लगे मजदूर।

### दौरे को लेकर अधिकारियों ने की चर्चा

सूत्र के अनुसार गुरुवार को हिसार मंडल के वरिष्ठ पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों ने गुरुवार की सुबह डीसी कार्यालय में बैठक की और प्रधानमंत्री के प्रस्तावित दौरे तथा सुरक्षा व्यवस्था को लेकर गहन मंथन किया। इसके अलावा 5 अप्रैल को मुख्यमंत्री नायब सैनी की अगुवाई में हिसार से शुरू होने वाली साइक्लोथॉन 2.0 को लेकर भी चर्चा की गई। बैठक में हिसार मंडल आयुक्त ए श्रीनिवास, एडीजीपी डॉ. एम रवि किरण, डीसी अनीश यादव, एसपी शशांक कुमार सावन समेत अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

### वन्य जीवों को पकड़ने का अभियान जारी

एयरपोर्ट परिसर में वन्य जीवों को पकड़ने के लिए वन्य प्राणी विभाग की टीमें लगातार जुटी हुई है। गुरुवार को टीमों ने एयरपोर्ट परिसर 3 नील गाय तथा एक कुत्ता को पकड़ा और एयरपोर्ट परिसर से बाहर जंगलों में छोड़ दिया गया। बताया जाता है कि अभी भी करीब 10 पशु एयरपोर्ट परिसर में घूमते देखे गए है, जिन्हें पकड़ने के लिए वन्य प्राणी विभाग की टीमें लगातार जुटी है।

### पीएम को दिखाई जाएगी प्रदर्शनी

प्रशासन ने एयरपोर्ट परिसर में एक प्रदर्शनी लगाने की योजना तैयार की है। प्रदर्शनी के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को हिसार के साथ हरियाणा के गौरवशाली इतिहास से रूबरू करवाया जाएगा। प्रदर्शनी की तैयारियों के लिए संबंधित विभागों को आवश्यक दिशानिर्देश दिए गए हैं।

### एयरपोर्ट पर गुणवत्ता से हो रहे निर्माण कार्य, 20.56 करोड़ से बनवाई दीवार : अजीत

**हिसार।** लोक निर्माण विभाग के अधीक्षक अभियंता अजीत ने कहा है कि विभाग द्वारा हिसार एयरपोर्ट पर सभी निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ करवाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि विभाग निमार्ण कार्यों में गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं करता। एसई ने कहा कि एयरपोर्ट पर बाउंड्री वाल बनाने में 180 करोड़ रुपये खर्च किए जाने की बातों में कोई सच्चाई नहीं है। उन्होंने कहा कि दीवार का निर्माण 20.56 करोड़ रुपये की लागत से पूर्ण किया गया है, जिसमें प्रत्येक पोस्ट के नीचे दो पाईलों का सेट (हर पाईल की गहराई 3 मीटर) और एक पाईल कैप (300 मिमी मोटाई) शामिल है। इसके ऊपर 125 मिमी मोटाई के दो पैनल रखे गए हैं, जिनकी लंबाई 4.200 मीटर और चौड़ाई 1.50 मीटर है। यह कार्य पंजाब इंजीनियरिंग कॉलेज, चंडीगढ़ के वैध डिजाइनों के अनुसार किया गया है। इस कार्य की निगरानी और दिशानिर्देश नागरिक उड्डयन विभाग और एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया के अधिकारियों द्वारा समय-समय पर दिए गए थे। इसके अलावा, भारत सरकार के ब्यूरो ऑफ सिविल एविएशन सिक्योरिटी (बीसीएएस) द्वारा इस कार्य की जांच और सत्यापन भी किया गया है और 6 अगस्त 2024 को निर्णायक अनुमोदन प्राप्त हुआ। कार्य की पूर्णता के बाद, डायरेक्टरेट जनरल ऑफ सिविल एविएशन (डीजीसीए) द्वारा हर मापदंड पर जांच उपरांत खरा उतरने पर ही 13 मार्च 2025 को संचालन के लिए लाइसेंस प्रदान किया गया।

### बस की खिड़की को तोड़कर चालक को निकाला

# बरवाला रोड़ पर पेड़ से टकराई प्राइवेट बस, चालक की मौत

- हादसे के समय बस में केवल चालक ही मौजूद था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

बरवाला-हांसी रोड़ पर बुधवार रात को घिराय बस स्टैंड के पास एक अनियंत्रित निजी परिवहन बस सफेदे के पेड़ से टकरा गई। हादसे में बस चालक अजमेर गंभीर रूप से घायल हो गया। गनिमत रही कि हादसे के समय बस में केवल चालक ही मौजूद था। बस दुर्घटना की सूचना मिलने पर भाटला पुलिस मौके पर पहुंची और बस के स्टेयरिंग व सीट के बीच फंसे चालक जमावड़ी निवासी 35 वर्षीय अजमेर को पोकलैंड, जेसीबी और ट्रैक्टर की मदद से बस की खिड़की व सीट को तोड़ कर बस से बाहर निकाला और उसे उपचार के लिए नागरिक अस्पताल पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद हिसार रेफर कर दिया जहां उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई।



**हांसी।** सड़क हादसे में क्षतिग्रस्त निजी परिवहन की बस।

### पेट में घुसी स्टेयरिंग की रॉड, कई हड्डियां टूटी

पुलिस के अनुसार बस की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बस के स्टेयरिंग की रॉड चालक के पेट में घुस गई और उसके पेट की अंतड़ियों सहित कमर की कई हड्डियां टूट गई। बचाव कार्य में प्रशासन के साथ स्थानीय लोगों ने अहम भूमिका निभाई। पोकलैंड, जेसीबी और ट्रैक्टर की मदद से बस के अगले हिस्से को काटकर कई घंटों की मशक्कत के बाद बस में फंसे चालक को बाहर निकाला गया।

### तीन महीने पहले ही नौकरी पर लगा

बस मालिक सुनील ने बताया कि मृतक अजमेर जमावड़ी गांव का रहने वाला था। और उसने तीन महीने पहले ही उनकी बस पर चालक की नौकरी शुरू की थी। इससे पहले वह इसी रूट पर दूसरी बस चलाता था। यह बस हांसी से शाम 6:20 बजे चलकर बरवाला पहुंचती है और सुबह 8:32 बजे वापस हांसी के लिए रवाना होती है। उन्होंने बताया कि हादसे के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है।

### जांच में जुटी पुलिस

भाटला चौकी पुलिस ने बृहस्पतिवार को हिसार नागरिक अस्पताल मृतक अजमेर के परिजनों के बयान कर इत्तेफाकिया मौत की कार्रवाई करते हुए शव का पोस्टमार्टम करवा कर परिजनों को सौंप मामले की जांच शुरू कर दी है। चालक 35 वर्षीय अजमेर हांसी के नजदीक जमावड़ी गांव का रहने वाला था, लेकिन वह पिछले काफी समय से जींद चुंगी बरवाला में रह रहा है। उसके परिवार में पत्नी, दो साल की बेटी और एक माह का बेटा है।


## नागरिक अस्पताल के कक्ष की फॉल सीलिंग गिरी, हादसा टला

- मौके पर पहुंची सीएमओ ने दिए घटना की जांच के आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

शहर के नागरिक अस्पताल में उस समय हड़कंप मच गया जब, फॉल सीलिंग गिर गई। हालांकि इससे कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ लेकिन कुछ मरीजों को मामूली चोटें आई।

बताया जा रहा है कि आपातकालीन वार्ड में छत का प्लास्टर और फॉल सीलिंग का एक बड़ा हिस्सा अचानक गिर गया। इस हादसे में लोहे की रॉड और मलबा मरीजों के बेड के पास गिरा।हादसे के समय वार्ड में मरीजों का इलाज चल रहा था। एक बुजुर्ग मरीज छत गिरने वाली जगह के पास के बेड पर था। छत गिरने की आवाज से वह घबरा गया। मौके पर मौजूद डॉक्टरों ने तुरंत उसे और एक अन्य मरीज को दूसरे बेड पर शिफ्ट किया। बुजुर्ग के हाथ पर हल्की खरोच आई है।



**हिसार।** नागरिक अस्पताल में फर्श पर गिरी फॉल सीलिंग। फोटो : हरिभूमि

घटना की सूचना मिलने पर कार्यकारी प्रिंसिपल मेडिकल ऑफिसर रीना जैन मौके पर पहुंचीं। बाद में सिविल सर्जन डॉ. सपना गहलावत ने भी आपातकालीन वार्ड का दौरा किया। उन्होंने तुरंत मलबा हटाने और फॉल सीलिंग की मरम्मत के आदेश दिए। सीएमओ डॉ. सपना गहलावत ने बताया कि सभी मरीजों को सुरक्षित दूसरे वार्ड में शिफ्ट कर दिया गया है। फॉल सीलिंग की मरम्मत का काम शुरू कर दिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

### पुलिस ने किए 20 हॉट स्पॉट व 2 हॉट रूट चिन्हित

**हांसी।** हरियाणा पुलिस की ट्रिप मॉनिटरिंग सेवा, महिलाओं को हरियाणा 112 से जोड़कर उनकी यात्रा को सुरक्षित करने में सक्षम बनाएगी। इस सेवा का लाभ उठाने के लिए महिलाएं 112 पर कॉल कर वेब आधारित फॉर्म के माध्यम से अपनी यात्रा का पंजीकरण करवाएं। पंजीकरण फॉर्म का लिंक आवेदक को एसएमएस के माध्यम से भेजा जाएगा। आवेदक को पंजीकरण फॉर्म में यात्रा विवरण के साथ साथ आपातकालीन नंबर भी भरना होगा। यात्री की निगरानी हरियाणा 112 की टीम द्वारा हर आधे घंटे के उपरांत आवेदक को कॉल करके की जाएगी। आपातकालीन स्थिति में आवश्यक सहायता के लिए निकटतम ईआरवी को भेजा जाएगा व यात्री द्वारा साझा किए गए आपातकालीन नंबर पर भी संपर्क किया जाएगा। पुलिस जिला हांसी में महिला सुरक्षा को प्राथमिकता दी जा रही है। महिला सुरक्षा को लेकर संवेदनशील 20 स्थानों को हॉट स्पॉट के रूप में चिन्हित किया गया है साथ ही 2 हॉट रूट भी चिन्हित किए गए है।

## लंबित शिकायतों का त्वरित निपटान करें अधिकारी : सीएम नायब सैनी

- मुख्यमंत्री ने वीसी के माध्यम से समाधान शिविरों को लेकर अधिकारियों को दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे समाधान शिविरों में प्राप्त होने वाली शिकायतों को गंभीरता से लें और अति शीघ्र निपटान सुनिश्चित करें। उन्होंने शिविरों में आई शिकायतों की समीक्षा भी की।

नायब सिंह सैनी गुरुवार को सभी जिलों के अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समाधान शिविर में आने वाले शिकायतों और उन पर हुई कार्रवाई की समीक्षा कर रहे थे।

उन्होंने लंबित मामलों की जांच और नागरिकों की शिकायतों के त्वरित निपटान को लेकर आवश्यक निर्देश दिए। मुख्यमंत्री के निर्देशों के बाद उपायुक्त अनीश यादव ने जिले के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी किए।



**हिसार।** एचएसआर समाधान शिविर के दौरान उपस्थित उपायुक्त अनीश यादव।

### लापरवाही पर होगी कार्रवाई

उन्होंने कहा कि समाधान शिविरों में प्राप्त शिकायतों का शीघ्र निपटान सुनिश्चित किया जाए। मुख्यमंत्री स्वयं इन शिकायतों की मॉनिटरिंग कर रहे हैं और किसी भी प्रकार की लापरवाही को गंभीरता से लिया जाएगा। उन्होंने सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे शिकायतों को हल करने के लिए पूरी तत्परता से कार्य करें। शिकायत का निपटान होने के बाद एटीआर को भी अपलोड किया जाए। इस अवसर पर हिसार पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन, एडीसी जयाश्रद्धा, नगर निगम आयुक्त नीरज, हांसी डीएसपी रविंद्र सांगवान, सीटीएम हरिराम, डीडीपीओ नरेंद्र सिंह, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रणधीर सिंह धीरू, धर्मवीर रतेरिया एवं अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## शॉर्ट सर्किट से कॉटन फैक्ट्री में लगी आग, हादसा टला

- मौके पर पहुंची दमकल गाड़ियों ने पाया आग पर काबू

**हिसार।** जिले के उकलाना मंडी स्थित एक कॉटन फैक्ट्री में शॉर्ट सर्किट की वजह से आग लग गई। सूचना के बाद मौके पर पहुंची दमकल विभाग की गई गाड़ियों ने कड़ी मशक्कत से आग पर काबू पाया। उकलाना की तेलूराम मांगेराम कॉटन फैक्ट्री के प्रोपराइटर डॉ. नीरज गर्ग ने बताया कि गुरुवार दोपहर बाद यह आग उस समय लगी जब जब फैक्ट्री में सामान्य कामकाज चल रहा था। अचानक शॉर्ट सर्किट के कारण आग ने भयंकर रूप ले लिया। आग लगते ही फैक्ट्री के मजदूरों ने तुरंत अपने स्तर पर आग बुझाने का प्रयास किया लेकिन आग तेजी से फैलती गई। इसके बाद, दमकल विभाग को सूचित किया गया और तुरंत दमकल की गाड़ियां घटनास्थल पर पहुंची।दमकल विभाग के कर्मचारियों ने कई घंटे की कड़ी मेहनत के बाद आग पर काबू पाया, जिससे बड़ी दुर्घटना टल गई। उन्होंने बताया कि इस आगजनी की घटना में फैक्ट्री में रखे बिनौला, रुई, मशीनरी और अन्य सामग्री जलकर राख हो गई। गनीमत यह रही कि किसी प्रकार का जानी नुकसान नहीं हुआ। फिलहाल मामले की जांच जारी है। मौके पर पहुंची पुलिस ने भी जांच शुरू की।



**हिसार।** कॉटन फैक्ट्री में आग बुझाने में लगे दमकल कर्मी।

**स्वच्छता की ओर** मार्केट एसोसिएशन से बैठक करके मेयर ने मांगा सहयोग

# स्वच्छ भारत अभियान के तहत नगर निगम ने लिया शहर को साफ-सुथरा बनाने का संकल्प

जल्द ही बचे हुए सभी कचरे के प्वाइंटों पर भी कार्य किया जाएगा: मेयर प्रवीण पोपली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

नगर निगम ने शहर को साफ व स्वच्छ बनाने का कड़ा संकल्प ले लिया है। पार्क समितियों, चालकों व दरोगाओं से बैठक के बाद मेयर प्रवीण पोपली ने मार्केट एसोसिएशन पदाधिकारियों से बैठक की।

बैठक में मार्केट एसोसिएशन से सफाई व्यवस्था में सहयोग मांगा गया वहीं एसोसिएशन ने भी अपने सुझाव दिए।

पार्षद कक्ष में मार्केट एसोसिएशन के साथ हुई बैठक की अध्यक्षता करते हुए मेयर प्रवीण पोपली ने बताया कि बैठक बुलाने का मुख्य उद्देश्य स्वच्छता अभियान है। इस अभियान को सफल बनाने के लिए मार्केट एसोसिएशन निगम प्रशासन सहयोग करें, ताकि इस शहर को स्वच्छ बनाने का स्वप्न साकार किया जा सकें।

**मिलकर करना होगा प्रयास:** मेयर प्रवीण पोपली ने एसोसिएशन के पदाधिकारियों के दिए सुझाव व शिकायतों पर जल्द कार्रवाई करने के लिए भी अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने एसोसिएशन के पदाधिकारियों से अपील की आप नगर निगम प्रशासन का सहयोग करें क्योंकि कोई अकेला स्वच्छता के लक्ष्य को नहीं पा सकता। इसके लिए मिलकर प्रयास करना होगा।



**हिसार।** बैठक को संबोधित करते मेयर प्रवीण पोपली। फोटो : हरिभूमि

### 43 कचरा प्वाइंट किए खत्म

मेयर प्रवीण पोपली ने कहा कि निगम की और से हिसार को सफाई में अग्रणी बनाने के लिए निगम प्रशासन हरसंभवन मदद करेगा।नगर निगम द्वारा कुल 95 कचरे के सेकेंडरी प्वाइंट चिन्हित किए गए थे जिनमें से 43 को खत्म किया जा चुका हैं। इन स्थानों पर बेंच व गमले रखवाकर वहां का सौन्दर्यकरण किया जाएगा। जल्द ही बचे हुए सभी कचरे के प्वाइंटों पर भी कार्य किया जाएगा। इसके लिए हमारा प्रयास हैं कि सेकेंडरी प्वाइंट पर कर्मचारी द्वारा कचरा न डलवा टिपर में सीधे डलवाकर डंपिग तक पहुंचाया जाए।

### अधिकारियों ने दी जानकारी

इस अवसर पर अतिरिक्त आयुक्त शालिनी चेतल व संयुक्त आयुक्त डॉ. प्रीतपाल सिंह ने मार्केट के पदाधिकारियों से बातचीत की। दोनों अधिकारियों ने मार्केट पदाधिकारियों को निगम द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छता अभियान की जानकारी दी।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर भाजपा नेता प्रवीण जैन, पीएलए मार्केट व आरडब्ल्यूए ओल्ड कोर्ट कॉम्पलेक्स के प्रधान सतपाल सिंह ठाकुर, मॉडल टाउन एसोसिएशन के प्रधान मनोज अरोड़ा, राजगुरू मार्केट वेलफेयर एसोसिएशन के प्रधान एडवोकेट रवि मेहता व पूर्व प्रधान सुरेन्द्र बजाज, सेक्टर 15 हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी प्रधान ओमप्रकाश महता, शहीद उधम सिंह पार्क व शहीद मदन लाल ढींगड़ा एसोसिएशन प्रधान प्रवीण, दर्शन कुमार, महेश चौधरी पूर्व प्रधान राजगुरू मार्केट, पुरानी ऑटो मार्केट के प्रधान प्रवीन वत्स, निखिल वत्स, ऑटो मार्केट से भगत सिंह, शिवाजी, राजगुरू मार्केट से जितेन्द्र कटरिया आदि रहे।

स्पेशल: जू लवर्स-डे, 8 अप्रैल

रोचक / रजनी अरोड़ा

## अट्रैक्टिव-डिफरेंट-फेमस

# दुनिया के अमेजिंग जू

बच्चो, तुमने अपने शहर या किसी दूसरे शहर में स्थित जू यानी चिड़ियाघर को जरूर देखा होगा। वैसे तो दुनिया भर में लगभग दस हजार जू हैं। लेकिन उनमें से कुछ ऐसे हैं, जो अपनी विशेषता के कारण बहुत फेमस हैं। यहां हम तुम्हें कुछ ऐसे ही अनोखे चिड़ियाघरों के बारे में बता रहे हैं।







### वियना चिड़ियाघर

**इस चिड़ियाघर** का निर्माण ऑस्ट्रिया की राजधानी वियना में 1752 ई. में किया गया था। 'टियरगार्टन शॉनब्रून' नाम से मशहूर यह चिड़ियाघर पवित्र रोमन सम्राट फ्रांसिस प्रथम ने स्थापित किया था। यह चिड़ियाघर वियना के प्रसिद्ध शॉनब्रून पैलेस के अंदर शाही परिवार के लिए एक निजी उद्यान के रूप में शुरू हुआ था। लगभग 17 हेक्टेयर क्षेत्रफल में बने इस चिड़ियाघर में 18वीं सदी की ऐतिहासिक इमारतें और आधुनिक सुविधाओं का अद्भुत संगम देखने को मिलता है। यहां पांडा, पोलर बियर, शेर, बाघ, तेंदुआ जैसे अलग-अलग वातावरण में पाए जाने वाले जानवर देखने को मिलते हैं। दुनिया के सबसे पुराने इस चिड़ियाघर को यूनेस्को के विश्व धरोहर स्थल में शामिल किया गया है। *



### दार्जिलिंग चिड़ियाघर

**अपने ही** देश भारत में दार्जिलिंग (पश्चिम बंगाल) के विर्च हिल इलाके में स्थित इस जू का निर्माण 1958 में किया गया था। 1975 में बंगाल की पूर्व गवर्नर और स्वाधीनता सेनानी सरोजिनी नायडू की पुत्री पद्मजा नायडू के नाम पर इस जू का नाम 'पद्मजा नायडू हिमालयन जूलॉजिकल पार्क' रखा गया। इसे 'दार्जिलिंग चिड़ियाघर' के नाम से भी जाना जाता है। यह 7,000 फीट की ऊंचाई पर 67.5 एकड़ क्षेत्रफल में बना है। इस चिड़ियाघर में मुख्य रूप से अल्पाइन क्षेत्र में रहने वाले हिमालयी पशुओं को संरक्षित किया गया है। यहां 200 से अधिक पशु प्रजातियों में स्नो लेपर्ड, तिब्बती वुल्फ, लाल पांडा, साइबेरियन टाइगर, हिमालयी न्यूट, ब्लू शीप, हिल मोनाल, रिंग नैकेंड पीसेंट, ब्लड पीसेंट, ट्रैगोपैन जैसे लुप्तप्राय पशु-पक्षी भी हैं। यह चिड़ियाघर लाल पांडा के संरक्षण के लिए विशेष रूप से जाना जाता है। *

### बटरफ्लाई जू

**वर्ष 1988** में बना फ्लोरिडा (अमेरिका) का बटरफ्लाई वर्ल्ड जू, दुनिया का सबसे बड़ा बटरफ्लाई चिड़ियाघर है। यहां करीब 5 हजार रंग-बिरंगी बटरफ्लाई हैं, जो पर्यटकों को आकर्षित करती हैं। इसके साथ ही इस चिड़ियाघर में अमेरिका का सबसे बड़ा हमिंगबर्ड, लोरिकेट जैसी उष्णकटिबंधीय बर्ड्स का घर भी है। पर्यटक यहां इन बर्ड्स को खाना भी खिला सकते हैं।




यहां के इंसेक्टेरियम में कई तरह के बग्स भी देखे जा सकते हैं। पॉपकॉर्न पार्क चिड़ियाघर 1977 में न्यू जर्सी (अमेरिका) में वन्य जीवों को संरक्षण प्रदान करने के उद्देश्य से यह चिड़ियाघर बनाया गया था। इसमें प्रायः बड़ी उम्र के बीमार, घायल या बेसहारा जानवरों को ही रखा जाता है। इनमें कुत्ते, बिल्लियों जैसे घरेलू जानवर ही नहीं, शेर, बाघ, हाथी, ऊंट, लामा, इमू, लोमड़ी, बंदर, हिरण, कछुए जैसे जानवर और कई तरह के पक्षी भी हैं। *

### चिड़ियाघर नहीं समुद्री गुफा

**बच्चो,** अमेरिका के ऑरेगन समुद्र तट पर स्थित केव्स ऑफ सी लॉयन, चिड़ियाघर नहीं, बल्कि एक समुद्री गुफा है। यह स्टेलर सी लॉयंस और अन्य समुद्री जंतुओं का प्राकृतिक आवास है। यह उत्तरी अमेरिका की सबसे बड़ी समुद्री गुफा है। माना जाता है कि बेसाल्ट रॉक से बनी इन केव्स (गुफाओं) का निर्माण 25 मिलियन साल पहले हुआ था।



आधुनिक काल में इसकी खोज 1880 में कैप्टन विलियम कॉक्स ने की थी। इस स्थान को स्थनीय लोगों और पर्यटकों के लिए 1932 में खोला गया। सी लॉयंस केव्स तकरीबन 12 मंजिला इमारत जितनी ऊंची और फुटबॉल मैदान की लंबाई जितनी बड़ी है। स्टेलर सी लॉयंस के अलावा यहां कैलिफोर्निया के सी लॉयंस, टफटिड पफिंस, बाल्ड ईगल आदि कई तरह के जंतु भी पाए जाते हैं। सी लॉयंस केव्स को गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड में भी शामिल किया गया है। *

### लोन पाइन कोआला सेंचुरी

**यह ऑस्ट्रेलिया** के क्वींसलैंड में 1927 में बना, दुनिया का पहला सबसे बड़ा और सबसे पुराना कोआला चिड़ियाघर है। 18 हेक्टेयर क्षेत्रफल में बने इस चिड़ियाघर में 130 से अधिक



कोआला हैं। यह चिड़ियाघर क्लार्कसन परिवार द्वारा लगाए गए पाइन के दो पेड़ों और जैक एंड जिल नामक दो कोआला से शुरू हुआ था। आज यहां कंगारू, तस्मानिया डेविल, पैरेट्स, काकातुआ, इमु, कैसोवरी, लौरिकेट, प्लेटीपस और कई तरह के सरीसृप भी पाए जाते हैं। इस चिड़ियाघर की खासियत है कि यहां आने वाले पर्यटक चाहें तो इन जानवरों को खाना भी खिला सकते हैं। *

जानकारी / विनय कुमार पाठक

बच्चो, हर साल 6 अप्रैल को इंटरनेशनल डे ऑफ स्पोर्ट फॉर डेवलपमेंट एंड पीस डे मनाया जाता है। जानो, यह क्यों मनाया जाता है, इस वर्ष इसकी थीम क्या है?

## विकास-शांति-स्वास्थ्य के लिए

# हम भी खेलें-तुम भी खेलो

बच्चो, यह तो तुम्हें पता ही होगा कि वर्ष में कई तिथियों को विशेष दिवस के रूप में मनाते हैं। जैसे 26 जनवरी को हम सब गणतंत्र दिवस मनाते हैं। 14 नवंबर को तुम बाल दिवस मनाते हो। अभी बीते 1 अप्रैल को तुमने फूल डे भी मनाया होगा। अच्छा क्या तुमको पता है कि हर वर्ष 6 अप्रैल को किस रूप में मनाया जाता है? नहीं पता? चलो हम तुम्हें बताते हैं। 6 अप्रैल को 'इंटरनेशनल डे ऑफ स्पोर्ट फॉर डेवलपमेंट एंड पीस' के रूप में मनाया जाता है। अर्थात विकास और शांति के लिए अंतरराष्ट्रीय खेल दिवस। तुम्हें पता होगा कि अपने देश में हर वर्ष 29 अगस्त को महान हॉकी खिलाड़ी ध्यानचंद की जयंती को राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाते हैं। लेकिन अंतरराष्ट्रीय खेल दिवस मनाने का उद्देश्य पूरी दुनिया के लोगों को खेलों का महत्व बताना है।



**इस वर्ष की थीम:** हमारे लिए विकास का बहुत महत्व है। विकास का मतलब है, पहले से बेहतर होना। शांति का भी उतना ही महत्व है। तो इन दोनों को ध्यान में रखकर ही 'विकास और शांति के लिए अंतरराष्ट्रीय खेल दिवस' को मनाया जाता है। इस वर्ष इस दिन की थीम 'लेवलिंग द प्लेइंग फील्डः स्पोर्ट फॉर सोशल इनक्लुजन' निर्धारित की गई है। इसका अर्थ है- सामाजिक समावेशन के लिए खेलकूद के समान अवसर बनाना। समावेशन का अर्थ होता है, हमारे समाज के सभी लोगों को शामिल करना। जैसे अलग-अलग रंग के, अलग-अलग आकार के, अलग-अलग सुगंध के फूल मिलकर बगिया को खूबसूरत बनाते हैं, वैसे ही सभी तरह के लोगों को जब एक साथ शामिल किया जाएगा, तभी हमारा समाज सुंदर बनेगा। इसके लिए खेलकूद से बेहतर साधन क्या हो सकता है!

**आयोजक है ओलंपिक समिति:** तरह-तरह के खेल खेलने में तो तुम्हें बहुत मजा आता होगा, है न! स्कूल में भी गेम्स पीरियड का तुम बेसब्री से इंतजार करते हो। छुट्टियों में तो अपने दोस्तों के साथ जमकर खेल का आनंद लेते ही हो। केवल बच्चे ही नहीं बड़ी उम्र के लोग भी विभिन्न खेलों का खूब आनंद लेते हैं। तुम्हें पता है, दुनिया में खेलकूद का सबसे बड़ा आयोजन ओलंपिक होता है। इसका आयोजन करने वाली समिति अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति है। हर देश में भी एक ओलंपिक समिति होती है, जो उस देश में खेलकूद को बढ़ावा देने का काम करती है।

**खेलों की महत्ता:** खेलकूद का समाज पर बहुत अच्छा प्रभाव पड़ता है। इसमें भेदभाव मिटाकर सभी को बराबर मौका मिलता है। खेलकूद के आयोजन में सभी क्षेत्र के, सभी वर्ग के, सभी धर्म के, सभी रंग के खिलाड़ी भाग लेते हैं। लोग आपसी मतभेद भुलाकर मिल-जुल कर खेलते हैं, इससे शांति का माहौल बनता है। जब माहौल शांति का होता है तो समाज और देश का विकास होता है। यही नहीं, खेलकूद से शारीरिक क्षमता बेहतर होती है। साथ ही हमारा मन भी स्वस्थ रहता है। तो तुम भी खेलकूद में जमकर हिस्सा लो और अपने शरीर के साथ-साथ मन को भी स्वस्थ बनाओ। *

कविता / नरेंद्र सिंह 'नीहार'

## बच्चों की आजादी



सजे-धजे स्कूल सभी हों,
खुशी-खुशी सब आएं।
टीचर जी से खुलकर बोलें,
मन की बात बताएं।
खेल-खेल में करें पढ़ाई,
करके सब कुछ सीखें।
विद्यालय की हरित वाटिका,
मिल-जुलकर हम सींचें।
डांट-डपट से दूर रहें हम,
बनें न कभी फसादी।
बात-बात पर शाबाशी हो,
कदम-कदम आजादी।

तुम्हारे लिए नई किताब / चंद्रप्रकाश

## कौवे की मजेदार शादी

शादी-ब्याह का समारोह हो या कोई दावत, तुम उसमें खूब सज-धज कर जाते होगे, है न! इस रंगीन चित्रों वाली किताब 'कालू कौवे की शादी' में ऐसा ही एक किस्सा है, जिसमें एक कौवा अपनी शादी की खुशी में खूब सजा-धजा दिखना चाहता है। इसके लिए वह निकल पड़ता है, अपने दोस्तों से उनकी मदद मांगने। मोर से वह रंग-बिरंगे पंख उधार लेता है, मिट्ठू तोते से उसकी सुंदर लाल चोंच। उल्लू से आंखें और शुतुरमुर्ग से लंबे-लंबे पैर। अब यह सब पहनकर वह अनोखा बन जाता है। फिर निकल पड़ता है, अपनी बारात लेकर कौवी से शादी रचाने। लेकिन बाहर के मौसम और धूप से इस अनोखी बारात में सब उलट-पुलट हो जाता है। यह सब कैसे होता है और फिर अंत में क्या होता है, यह जानने के लिए तुमको यह किताब पढ़नी होगी। *




**किताब:** कालू कौवे की शादी, **लेखिका:** डॉ. कमलेश कुमारी,
**मूल्य:** 150 रुपए, **प्रकाशक:** अद्विक पब्लिकेशन, **दिल्ली**



गुजराती कहानी

पुष्पा अंताणी

घूमने की शौकीन चिल्ली बिल्ली एक दिन जंगल पहुंच गई। उस समय जंगल का राजा बाघ सैर पर था। उसके भेड़िए सैनिकों ने बिल्ली को धर दबोचा। वह बाघ राजा के सामने लाई गई। चिल्ली बिल्ली ने बहुत सूझ-बूझ से काम लिया। बाघ राजा के सामने उसने कुछ इस तरह बातें बनाईं कि वह चिल्ली बिल्ली को अपनी मौसी मान बैठा।

# बाघ की मौसी चिल्ली बिल्ली



एक थी बिल्ली। नाम था चिल्ली। चिल्ली घूमने की बहुत शौकीन थी। दिन शुरू होते ही वह घूमने निकल पड़ती। पूरा दिन बस घूमना-फिरना। एक बार चिल्ली घूमते-घूमते जंगल में पहुंच गई। वहां उसे कुछ जानवर मिले। जंगल के रास्ते के बीचों-बीच चिल्ली को चलते हुए देख एक जानवर ने पूछा, 'कौन है तू? बीच रास्ते में क्यों चल रही है? इस जंगल का राजा बाघ सैर करने निकला है। वह तुझे बीच रास्ते में टहलते देखेगा तो गुस्साएगा।'

बिल्ली ने अपना सीना फुलाकर कहा, 'मैं हूं बिल्ली, नाम मेरा चिल्ली। मैं तुम्हारे राजा बाघ से डरती-वरती नहीं।' यह कह बिल्ली आगे बढ़ गई। थोड़ा आगे गई तो दो सैनिक भेड़िए मिले। बिल्ली को बीच रास्ते में चलती देख दोनों चिल्लाए, 'ओय तू है कौन? राजा जंगल में सैर करने निकले हैं और तू उनके रास्ते के बीच इस तरह घूम रही है? राजा देख लेगा तो तेरी खाल उधेड़ देगा।'

बिल्ली ने अपना सिर उठाया और रुआब से बोली, 'मैं हूं बिल्ली, नाम मेरा चिल्ली। बाघ राजा होगा तुम्हारा। मैं उससे डरती-वरती नहीं हूं।'

इतने में जंगल का राजा बाघ वहां आ पहुंचा। सैनिक घबरा गए। उनको कुछ समझ में नहीं आया कि क्या करें? जंगल में सैर करने में बाधा आने से बाघ गुस्साया। जोर से गुर्राते हुए बोला, 'कौन है यह?'

बाघ को देखकर और उसकी दहाड़ सुनकर बिल्ली के होश उड़ गए, लेकिन उसने तुरंत ही अपने आपको संभाल लिया और एक तरकीब सोच ली।

सैनिकों ने झुक-झुक कर राजा को सलामी दी और बताया, 'हुजूर, यह कहती है- मैं तुम्हारे राजा से डरती-वरती नहीं हूं।'

बाघ ने लाल-लाल आंखों से बिल्ली की ओर देखा और सैनिकों को हुकुम दिया, 'इसे दरबार में ले आओ। मैं जंगल का दौरा पूरा कर वापस आता हूं, इसके बाद इससे निपटता हूं।'

सैनिकों ने बिल्ली को गिरफ्तार किया और राजा के दरबार में ले गए। थोड़ी देर बाद बाघ दरबार में आया। बिल्ली को बाघ के सामने लाया गया। बाघ ने दहाड़ कर पूछा, 'ओय बिल्ली, क्या तू मुझसे डरती नहीं?'

बिल्ली लापरवाही से अपने शरीर को पंजों से खुजलाते हुए बोली, 'नहीं, मैं तुमसे डरती नहीं हूं।'

बाघ और ज्यादा क्रोधित होकर बोला, 'तुझे पता है, मैं इस जंगल का राजा हूं?'

'होगा! इससे मुझे क्या? न तो मैं इस जंगल में रहती हूं और न ही तुम मेरे राजा हो। मैं तो तुम्हारे परिवार की सदस्य हूं। फिर मुझे तुमसे क्यों डरना चाहिए?' बिल्ली तिरछी नजर से बाघ की तरफ देखते हुए बोली।

'मेरे परिवार से मतलब..? बाघ को बात कुछ समझ में नहीं आई।

बिल्ली अपना मुंह फुलाकर बोली, 'बाघ राजा, क्या तुमको इतना भी पता नहीं? तुम्हारी मां और मैं दोनों बहने हैं।' बाघ चौंका। उसने बिल्ली को ध्यान से देखा और बोला, 'अरे जा! तू झूठ बोल रही है। कहां मेरी ताकतवर मां और कहां इतने छोटे कद वाली तू! तू तो मेरे बच्चे से भी छोटी है!'

'तुम्हारी बात सही है, बाघ जी! फिर भी हम दो बहनें हैं। तुम्हारी मां का शरीर ताकतवर, भयानक और बड़ा है और मैं इतनी छोटी हूं। इसके पीछे एक लंबी कहानी है।' बिल्ली बाघ से बोली।

बाघ को बिल्ली की बातों में दिलचस्पी होने लगी। उसने पूछा, 'कौन सी कहानी..?'

बिल्ली ने कहानी बताई, 'मैं और तुम्हारी मां सगी बहनें हैं। तुम्हारी मां बड़ी और मैं छोटी। तुम्हारी मां जब बड़ी हो गई तो वह जंगल में चली आई। अच्छी-सी गुफा बनाई और उसमें रहने लगी। फिर वह जंगल के जानवरों का शिकार करके उनका मांस खाने लगी। उसका शरीर बढ़ता गया। इसलिए वह मोटी और ताकतवर बन गई।'

बाघ उसकी बात ध्यान से सुन रहा है या नहीं, यह देखने के लिए बिल्ली बोलते हुए थोड़ी देर रुक गई।

बाघ ने उत्सुकता से पूछा, 'फिर क्या हुआ?'

'हां... बताती हूं। तब मैं बहुत छोटी थी। एक बार मैं अकेली गुफा के बाहर खेल रही थी। खेलते-खेलते मैं काफी दूर निकल गई। फिर गुफा में वापस जाने का रास्ता भूल गई। एक गांव में पहुंच गई। वहां जंगल का कोई भी जानवर नहीं दिखा तो मैं रोने लगी। इतने में राजू नाम का एक लड़का आया। उसने मेरे आंसू पोंछे, मेरा सिर सहलाया और अपने घर ले गया। उसने मुझे अपने घर में ही रखा। वह जो खाता था वही दूध और रोटी मुझे खिलाता। ऐसे खाने से मेरा शरीर छोटा ही रह गया और मैं इतनी छोटी ही रही। अब तो मेरी बात तेरी समझ में आई कि नहीं आई?' बिल्ली ने अपनी बात पूरी की।

राजा बाघ और बाकी जानवरों को बिल्ली की बात सच्ची लगी। बाघ खुश हो गया। वह अपने सिंहासन से खड़ा हुआ, बिल्ली के पास गया और उसे प्रणाम किया। फिर बोला, 'मेरी मां तो अब इस दुनिया में नहीं है, पर तुम मेरी मौसी हो। अब तुम यहां इस जंगल में आराम से रह सकती हो।'

बिल्ली बोली, 'ना, बाबा, ना! मेरा दोस्त राजू मेरे बिना नहीं रह सकता। इस वक्त भी वह मुझे ढूंढता हुआ रोता होगा। मैं अब अपने गांव वापस जाऊंगी।'

बाघ ने अपनी मौसी बिल्ली पर प्यार से अपना पंजा फेरा और बोला, 'चिल्ली मौसी, जैसी तुम्हारी मर्जी। अब जब भी तुम्हारा मन करे, जंगल में घूमने आ जाना।'

चिल्ली बिल्ली ने अपने गांव की ओर कदम बढ़ा दिए। बाघ राजा और जंगल के सारे प्राणी भी बिल्ली मौसी को विदाई देते हुए बोले, 'जल्द ही फिर मिलेंगे चिल्ली मौसी!'

जंगल से वापस अपने गांव की ओर लौटते हुए चिल्ली बिल्ली मन ही मन में मुस्कुराती हुई पूरे रास्ते बोलती रही, 'मैं तो बाघ की मौसी... मैं तो बाघ की मौसी...!' *

**हिंदी अनुवाद : सेतु अंताणी**

## जीके क्विज-148



1. हाल ही में छत्तीसगढ़ के किस साहित्यकार को 59वां ज्ञानपीठ पुरस्कार प्रदान करने की घोषणा की गई है?
2. विग्नेश पुथुर का संबंध किस खेल से है?
3. हरियाणा के वर्तमान मुख्यमंत्री कौन हैं?
4. विश्व का सबसे प्रदूषित देश कौन-सा है?
5. किस सिख गुरु ने अमृतसर शहर की स्थापना की थी?
6. भारत का सबसे बड़ा स्पोर्ट्स स्टेडियम कौन-सा है?
7. एलपीजी सिलिंडर में मुख्य रूप से कौन-सी गैस भरी होती है?
8. विश्व का सबसे बड़ा मरुस्थल कौन-सा है?
9. विटामिन E का रासायनिक नाम क्या है?
10. विश्व धरोहर दिवस कब मनाते हैं?

**बच्चों, जीके क्विज-148 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।**

**जीके क्विज-147 का उत्तर :** 1. 286 दिन, 2. 58 करोड़, 3. भिवंडी, 4. 7 अप्रैल, 5. हैदराबाद, 6. विल्हेम कोनराड रॉन्टजेन, 7. आयरन (लौह तत्व), 8. माइटोकॉन्ड्रिया, 9. कर्नाटक, 10. क्षिप्रा

**जीके क्विज-147 का सही उत्तर देने वाले :** शिवम-रायपुर, किशन-बिलासपुर, कबीर-हिसार, नीटू-सीतापुर, बालमुकुंद-कुनकुरी, तृप्ति-ईमेल से, ट्विंकल-ईमेल से, प्रतीक-बलौदा बाजार, दिव्या-रोहतक, सचिन-महासमुंद

## रंग भरो-172

**रंग भरो-172** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





आस्तिका, चांपा



सार्थक, रायपुर



तमन्ना, कोरबा



वेदका, बालोद



रितेश, मटियारी



अथर्व, बिलासपुर


### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

पलक-अटेली मंडी, रानी-बालाघाट, डॉली-मटियारी, नीरज-महासमुंद, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, चंपक-जांजगीर, कविता-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, रोहन-करनाल, अमन-बिलासपुर, जागृति-कोरबा

## रंग भरो 173



बच्चो, यहां तितली और फूलों का एक सुंदर-सा ब्लैक एंड व्हाइट चित्र दिया गया है। तुम इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomi-hb@gmail.com पर मेल करो।



## खबर संक्षेप

### आर्ट ऑफ लिविंग ने किया नवरात्रि पर देवी पूजन

**हिसार।** आर्ट ऑफ लिविंग द्वारा चैत्र नवरात्रि के उपलक्ष्य पर देवी पूजा का आयोजन किया गया। स्टेट मीडिया कोऑर्डिनेटर नीरज गुप्ता ने बताया कि देवी पूजा के आयोजन के लिए पंडित अखिल एवं पंडित आदर्श आर्ट ऑफ लिविंग बेंगलूरू आश्रम से विशेष रूप से यहां पहुंचे।

### 5वें दिन देवी भवन मंदिर में किए दर्शन

**हिसार।** हिसार रोडीज़ दी साइक्लिंग क्लब की नवरात्रि राइड के 5वें दिन साइक्लिस्टों ने आध्यात्मिक सफर जारी रखते हुए देवी भवन मंदिर में दर्शन किए। यह प्राचीन मंदिर कई देवी-देवताओं के दर्शनों के लिए प्रसिद्ध है और अपनी ऐतिहासिक महत्व के कारण श्रद्धालुओं के बीच विशेष स्थान रखता है।

### स्नातकोत्तर अंतिम वर्ष के छात्रों को दी विदाई

**मंडी आदमपुर।** फिरोज गांधी मेमोरियल महाविद्यालय के स्नातकोत्तर अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए एक भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का आयोजन स्नातकोत्तर प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों द्वारा किया गया, जिन्होंने इसे यादगार बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### मकान से 3 लाख के आभूषण व नकदी चोरी

**हांसी।** उपमंडल के गांव सुल्तानपुर में अज्ञात चोर एक मकान से लाखों रुपये के आभूषण व नकदी चुरा कर ले गए। चोरी की वारदात के समय परिवार अपने मकान को ताला लगा कर विवाह समारोह में शामिल होने के लिए गया हुआ था। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके का निरीक्षण कर आवास मालिक सुल्तानपुर निवासी रामफल की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### पिस्तोल व दो जिंदा कारतूस सहित एक गिरफ्तार

**हिसार।** अवैध हथियार रखने वालों पर कार्रवाई करते हुए स्पेशल स्टाफ पुलिस टीम ने गांव भिवानी रोहिल्ला-सरसाना रोड से एक व्यक्ति को काबू कर एक लोडेड अवैध पिस्तोल और दो जिंदा कारतूस बरामद किए है। पुलिस टीम ने गश्त के दौरान गांव भिवानी रोहिल्ला-सरसाना रोड पर एक युवक को शक के आधार पर काबू किया।

## महाराणा प्रताप स्टेडियम में दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता

# लड़कियों की 800 मीटर दौड़ में रिशिका ने सबको पछाड़ा

### खेलों में भाग लेने से विद्यार्थियों में बढ़ता आत्मविश्वास : प्रो. बिश्नोई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने कहा है कि खेल केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं हैं, बल्कि यह हमारे जीवन को अनुशासन, समर्पण और परिश्रम के मूल्यों से जोड़ते हैं। खेल हमें सिखाते हैं कि हार और जीत जीवन का हिस्सा हैं और हमें हर परिस्थिति में आगे बढ़ते रहना चाहिए। खेलों में भाग लेने से विद्यार्थियों में आत्मविश्वास बढ़ता है। टीम वर्क की भावना विकसित होती है और मानसिक मजबूती आती है।

कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई विश्वविद्यालय के खेल निदेशालय के सौजन्य से महाराणा प्रताप स्टेडियम में शुरु हुई दो दिवसीय प्रथम यूटीडी खेलकूद प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह संबोधित कर रहे थे। विश्वविद्यालय की प्रथम महिला डा. वंदना बिश्नोई समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रही। अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलसचिव डा. विजय कुमार ने की। कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने उद्घाटन सत्र के दौरान हुई दौड़ प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित भी किया। उद्घाटन सत्र के दौरान हुई लड़कियों की 800 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में रिशिका पहले, संजना दूसरे व मुस्कान तीसरे स्थान पर रही। लड़कों के वर्ग में 800 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में मंयक वर्मा पहले, शिवम दूसरे तथा मोनू तीसरे स्थान पर रहे। इससे पूर्व खेल निदेशालय के अधिष्ठाता प्रो. मनीष कुमार ने सभी का स्वागत किया।



हिसार। खेलकूद प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित करते मुख्यातिथि कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई। फोटो : हरिभूमि



हिसार। दौड़ प्रतियोगिता के खिलाड़ियों को हरी झंडी दिखाते कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई। फोटो : हरिभूमि

**ये हुई प्रतियोगिता**

खेल निदेशक डॉ. एसबी लूथरा ने धन्यवाद करते हुए बताया कि इस खेल प्रतियोगिता के सुचारू संचालन के लिए 20 तकनीकी कर्मचारी लगाए गए हैं। इस दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता के दौरान लड़कों व लड़कियों के लिए 100, 200, 400, 800, 1500 व 4 गुना 400 मीटर रिले दौड़ प्रतियोगिता, 4 गुना400 मीटर मिक्स रिले दौड़ प्रतियोगिता, लंबी कूद, ऊंची कूद, गोला फेंक, डिस्कस थ्रो व जेवलिन थ्रो प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा।

# नई ऊंचाइयों को छूने का संकल्प

- श्री काली देवी विद्या मंदिर में नवीन शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

श्री काली देवी विद्या मंदिर, हांसी में गुरुवार को नवीन शैक्षणिक सत्र 2025-26 का शुभारंभ पूरी श्रद्धा एवं उत्साह के साथ किया गया। इस अवसर पर भगवान गणेशजी, नवग्रह, मां सरस्वती, मां काली एवं मां लक्ष्मीजी की विधिवत पूजा-अर्चना की गई, जिससे पूरे विद्यालय में आध्यात्मिक एवं सकारात्मक ऊर्जा का संचार हुआ। इस अवसर पर स्कूल प्रिंसिपल गीता मेहता ने सभी विद्यार्थियों और शिक्षकों को नए सत्र के शुभारंभ पर शुभकामनाएं देते हुए परिश्रम, अनुशासन और समर्पण के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने विद्यालय की शिक्षा एवं संस्कारों की गौरवशाली परंपरा को बनाए रखने के लिए सभी को प्रेरित किया तथा इस नवीन सत्र में शैक्षिक, सहशैक्षिक और नैतिक मूल्यों के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छूने का संकल्प लिया। इस अवसर पर विद्यालय प्राचार्या गीता मेहता, समस्त शिक्षकगणों, कर्मचारी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।



हांसी। नवीन शैक्षणिक सत्र के शुभारंभ पर मंत्रोच्चारण के साथ पुजा अर्चना करती स्कूल प्राचार्या गीता मेहता व अन्य। फोटो : हरिभूमि

## हवन-यज्ञ के साथ एसडी मार्डन स्कूल में नए सत्र की शुरुआत

**हांसी।** एसडी मॉडर्न पब्लिक स्कूल के सभागार में गुरुवार को हवन-यज्ञ के साथ नए सत्र के शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर नर्सरी से 12वीं कक्षा तक के विद्यार्थियों ने बड़े ही हर्ष और उल्लास के साथ हवन-यज्ञ में भाग लिया गया। इस अवसर पर प्रबंधक समिति के प्रधान सज्जन अग्रवाल, मैनेजर नकुल अग्रवाल, ईश्वर गोयल, सेक्रेटरी रजत अग्रवाल, प्राचार्या ऋतु सिंह, एसडी कन्या विद्यालय की प्राचार्या रेनू बंसल, उपप्राचार्य महेंद्र सिंह, मिडल विंग इंचार्ज पवन बंसल सहित सभी अध्यापक व विद्यार्थी उपस्थित रहे। इस अवसर पर नई कक्षाओं में प्रवेश लेने वाले बच्चों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। उन्हें नए सत्र के लिए निर्देश दिए गए व अनेक प्रकार के प्रेरणादायक विषयों से संबंधित क्रियाकलाप करवाए गए। प्राचार्या ऋतु सिंह ने बताया कि हवन-यज्ञ से केवल वातावरण ही नहीं अपितु, हमारे मन की भी शुद्ध होती है। साथ ही बच्चे अपनी संस्कृति से जुड़ते हैं। प्रबंधक समिति के प्रधान सज्जन अग्रवाल, मैनेजर नकुल अग्रवाल, कैशियर चंद्रभान गर्ग व सेक्रेटरी रजत अग्रवाल ने समस्त विद्यालय परिवार को नए सत्र के शुभारंभ की बधाई दी।



## अज्ञात वाहन से फोटोग्राफर की मौत

**हांसी।** राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित सोरखी गांव में बुधवार रात को अज्ञात वाहन की टक्कर से फोटोग्राफर 36 वर्षीय अरुण की मौके पर ही मौत हो गई। अरुण पिछले कई सालों से हांसी में फोटोग्राफी का काम करता था। और वह बुधवार को एक बुकिंग के सिलसिले में गांव गया हुआ था। हादसे की सूचना मिलने पर सोरखी चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और घायल फोटोग्राफर को उपचार के लिए सोरखी सीएचसी सेंटर पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतक अरुण के भाई दीपक की शिकायत के आधार पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया है।

## श्री कृष्ण प्रणामी स्कूल में हवन के साथ नए शिक्षा सत्र का शुभारंभ



**हिसार।** श्री कृष्ण प्रणामी पब्लिक स्कूल, बगला रोड में शिक्षा सत्र 2025-26 के शुभारंभ के अवसर पर हवन का आयोजन किया गया। इस पावन अनुष्ठान में वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूर्ण विधि-विधान से यज्ञ संपन्न हुआ, जिसमें विद्यालय परिवार ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। हवन पूजन के दौरान प्रधानाचार्या नीरू भाटिया सहित सभी शिक्षकगण एवं कर्मचारियों ने आहुतियां अर्पित की और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास एवं उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रार्थना की। विद्यालय में सकारात्मक ऊर्जा के संचार और नई उमंग के साथ नए सत्र का स्वागत किया गया। प्रधानाचार्या नीरू भाटिया ने अपने संबोधन में सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि अनुशासन, समर्पण और परिश्रम के साथ आगे बढ़ते हुए प्रत्येक छात्र को अपने लक्ष्यों को प्राप्त करना चाहिए। विद्यालय प्रबंधन की ओर से भी नए सत्र की शुभकामनाएं दी गईं। हवन के उपरांत प्रसाद वितरण किया गया।

# नशे के खिलाफ विशेष व्याख्यान

- नशे को खत्म करने में युवाओं की अहम भूमिका : सज्जन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

ओम स्टर्लिंग ग्लोबल विश्वविद्यालय में नशे के प्रभाव एवं नशा मुक्ति विषय पर विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया।

व्याख्यान के मुख्य वक्ता एडीजीपी कार्यालय के पीआरओ सज्जन कुमार रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को जागरूक करते हुए कहा कि हर विधार्थी को नशे व लड़ाई से दूर रहना चाहिए और माता-पिता की भावनाओं को ठेस नहीं पहुंचानी चाहिए। आप युवा ही इस नशे की बीमारी को खत्म कर सकते है।



हिसार। मुख्य वक्ता सज्जन कुमार को स्मृति चिन्ह देते हुए। फोटो : हरिभूमि

**लोगों को बताई जिम्मेदारी**

उन्होंने बताया कि आप एक जिम्मेदार नागरिक की भूमिका निभाते हुए नशा तस्करों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवा सकते है और रिपोर्ट देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा। विश्वविद्यालय के चांसलर डॉ. पुनीत गोयल व प्रो चांसलर डॉ. पूनम गोयल ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि नशा न केवल मानसिक और शारिरिक स्वास्थ्य को हानि पहुंचाता है बल्कि उनके भविष्य को भी अंधकारमय बना सकता है। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ एन.पी कौशिक ने बताया कि ओम स्टर्लिंग ग्लोबल विश्वविद्यालय भी हरियाणा सरकार द्वारा 5 अप्रैल को चलाए जा रहे साइक्लोथॉन अभियान में सहयोग करेगा।

## बाबा बंदा बहादुर स्कूल में हवन-यज्ञ के साथ शुरू हुआ नया शिक्षण सत्र



**हांसी।** बाबा बंदा बहादुर पब्लिक स्कूल के प्रांगण में गुरुवार को नए सत्र के शुभारंभ पर हवन-यज्ञ का आयोजन किया गया। विजय पाल शास्त्री ने हवन-यज्ञ के दौरान विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि निरंतर अभ्यास ही सफलता का मूल मंत्र है। हवन-यज्ञ में विद्यालय की प्रबंधन समिति के चेयरमैन सरदार रणजीत सिंह, प्रधान आरपी परुथी, कोषाध्यक्ष रविन्द्र खुराना, गुरुद्वारा युवा सेवा दल के सदस्य पुनीत सचदेवा व प्रधानाचार्या लवली चावला, शैक्षणिक कोऑर्डिनेटर पवन रावल व सभी अध्यापकों व सभी विद्यार्थियों ने मंत्रोच्चारण के साथ हवन यज्ञ में आहुति दी। इस अवसर पर प्रधान राम प्रकाश परुथी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते परिश्रमी, संस्कारी बनने के साथ - साथ अपने लक्ष्य को निर्धारित करने के लिए प्रेरित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य व सफलता की नई ऊंचाइयों को छूने की कामना की।

## हवन और मंत्रोच्चारण से हुआ ओम स्कूल में नए सत्र का शुभारंभ



**हिसार।** ओम इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में नए शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ पारंपरिक उत्साह और आध्यात्मिक वातावरण में हुआ। इस दौरान स्कूल परिसर में हवन का आयोजन किया गया और परिसर विद्यार्थियों द्वारा गए गायत्री मंत्र से गूंज उठा। हवन में ओम स्टर्लिंग ग्लोबल विश्वविद्यालय के चांसलर डॉ. पुनीत गोयल और प्रो. चांसलर डॉ. पूनम गोयल ने शिरक़त की एवं पूर्णाहुति डालकर सभी विधार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कमाना की। इस अवसर पर स्कूल के प्रधानाचार्य के. एल. गोस्वामी ने सभी विद्यार्थियों को नए सत्र की शुभकामनाएं दीं और कहा कि स्कूल का पूरा स्टाफ विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा देने के लिए काफी वर्षों से कार्य करता आ रहा है।

# नए शिक्षा सत्र पर हवन का आयोजन

- आनंद स्कूल फॉर एक्सीलेंस में विद्या आरम्भ संस्कार के साथ नए सत्र का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

आनंद स्कूल फॉर एक्सीलेंस मिलकपुर में बृहस्पतिवार को स्कूल प्रांगण में विद्या आरम्भ संस्कार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पंडित धर्मेन्द्र शास्त्री ने हवन-यज्ञ किया और हवन के साथ ही नए सत्र का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में स्कूल चेयरमैन आनंद यादव ने मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे। वहीं सचिव कुलदीप यादव, निदेशक साहिल यादव, प्रिंसिपल नितीश मिश्र, वाइस प्रिंसिपल गीता यादव, एवं प्राइमरी हेड प्रोमिला यादव सहित समस्त स्टाफ और विद्यार्थियों ने भी हवन-यज्ञ में विधी पूर्वक आहुति डाली और हवन-यज्ञ में आहुति डाल नई कक्षाओं में प्रवेश किया। स्कूल चेयरमैन आनंद यादव ने कहा कि धार्मिक अनुष्ठान हवन-यज्ञ के आयोजन का मुख्य उद्देश्य छात्रों में सांस्कृतिक और आध्यात्मिक मूल्यों का विकास करना था। प्रिंसिपल नितीश मिश्र ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया और कहा कि हवन से वातावरण में शुद्धता तो होती ही है।



हांसी। विद्या आरम्भ संस्कार में आहुति डालते विद्यालय चेयरमैन आनंद यादव व अन्य। फोटो : हरिभूमि

# बीज संशोधन एक्ट के विरोध में उतरे खाद-बीज व दवाई विक्रेता

- खाद, बीज व पेस्टिसाइड संगठन ने मुख्यमंत्री के नाम विधायक को सौंपा ज्ञापन

**हांसी।** खाद, बीज व पेस्टिसाइड संगठन के दुकानदारों ने गुरुवार को संगठन प्रधान मुकेश मुंढालिया के नेतृत्व में मुख्यमंत्री के नाम विधायक विनोद भ्याना को अपनी मांगों ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर शहर के सभी खाद, बीज और कीटनाशक दवाई विक्रेता मौजूद रहे। इस अवसर पर प्रधान मुकेश मुंढालिया ने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा बीज व कीटनाशक दवाईयों के प्रभावी वितरण के लिए अधिनियम में संशोधन किए है, जिसमें कड़े दंड का प्रावधान किया गया है। लेकिन बीज व पेस्टिसाइड विक्रेता के लिए गैर जमानती और संज्ञेय अपराध की श्रेणी व पुलिस हस्तक्षेप चिंता के विषय बने हुए है।

यहां मुकेश मुंढालिया, संदीप गोयल, संजीव शर्मा, मुकेश बंसल, जय नारायण आदि रहे।



हांसी। विधायक विनोद भयाना को ज्ञापन सौंपते खाद बीज व कीटनाशक दवाई विक्रेता। फोटो : हरिभूमि

## 45 हजार की ठगी में मुख्य आरोपी काबू

**हिसार।** हिसार साइबर थाना पुलिस ने कोरियर कंपनी फ्रेंचाइजी संचालक से रिश्तेदार बनकर गिफ्ट वाउचर भेज 45 हजार रुपये ठगी के मामले में मुख्य आरोपी मामनिका नूह निवासी अल्ताफ खान को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी इंस्पेक्टर विकास ने बताया कि आरोपी अल्ताफ खान ने हिसार निवासी कोरियर कंपनी फ्रेंचाइजी संचालक के पास 25 अप्रैल 2021 की रात में रिश्तेदार मीनू बनकर फोन किया और रिश्तेदारी से संबंधित सारी जानकारियों दी। साथ ही उसे विश्वास में लेकर गिफ्ट वाउचर भेजने के नाम पर अलग अलग ट्रांजेक्शन में यूपीआई के माध्यम से फ्रेंचाइजी संचालक की पत्नी के बैंक अकाउंट से 45 हजार रुपए हड़प लिए। थाना प्रभारी ने बताया कि उक्त मामले में पहले एक खाता धारक आरोपी नूंह निवासी मुस्ताक को गिरफ्तार किया जा चुका है। फ्रेंचाइजी संचालक से गिफ्ट वाउचर के नाम पर ठगी गई धनराशि मुस्ताक के बैंक अकाउंट में जमा हुई। इसके लिए मुस्ताक को 30 प्रतिशत कमीशन मिलता था।

- रिश्तेदार बनकर दिया वारदात को अंजाम

## श्रीराम वनवास से साक्षात्कार करवाकर प्रभु भक्ति में मन लगाने का किया आह्वान



**हिसार।** महाराजा अग्रसेन भवन में चल रही श्रीराम कथा व रामनवमी महोत्सव में श्रद्धालुओं के उमड़ने का सिलसिला जारी है। विभिन्न क्षेत्रों से काफी संख्या में भक्तों ने अग्रसेन भवन पहुंचकर श्रीराम कथा श्रवण करके पुण्यलाभ प्राप्त किया। कथा व्यास महंत श्री चिन्मयदास जी महाराज ने श्रीराम वनवास से साक्षात्कार करवाकर प्रभु भक्ति में मन लगाने का आह्वान किया। महाराज जी ने कैकेयी-मंथरा संवाद व श्रीराम-राजा दशरथ संवाद के प्रसंगों के माध्यम से श्रीराम के राज्याभिषेक की तैयारी व वनवास का जीवंत वर्णन करके सभी को अभिभूत कर दिया। इसी भांति श्रीराम व केवट के साक्षात संवाद की अनुभूति करके समस्त श्रद्धालु प्रभु श्रीराम के प्रति नतमस्तक हो गए। श्रीराम कथा समिति के पदाधिकारी सुरेंद्र लाहौरिया, राजेश बंसल व शक्ति अग्रवाल ने बताया कि कथा के चतुर्थ दिन महाराजा अग्रसेन भवन ट्रस्ट के प्रधान अंजनी कुमार खारियावाले मुख्यातिथि रहे जबकि आयकर उपायुक्त आईआरएस रघुबीर सिंह बूरा अति विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। हांसी के एसडीएम राजेश कौथ विशेष रूप से उपस्थित रहे।

**नशे से जंग** | सीएम नायब सिंह सैनी नशामुक्त हरियाणा के लिए हरी झंडी दिखाकर करेंगे रवाना

# साइक्लोथॉन रैली में भाग लेंगे गुजवि के छात्र, 5 को महाबीर स्टेडियम से शुरूआत

### प्रो. जसप्रीत कौर ने फिजियोथेरेपिस्टों की टीम का उत्साहवर्धन करते हुए प्रेरित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी नशामुक्त हरियाणा के लिए जागरूकता के लिए हरियाणा उदय के तहत 5 अप्रैल को महाबीर स्टेडियम में 'साइक्लोथॉन 2.0' कार्यक्रम का हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ करेंगे। इसमें गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के फिजियोथेरेपी विभाग के फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. वरूण सिंह पूनिया, डॉ. रामनिवास को मास्टर ऑफ फिजियोथेरेपी के विद्यार्थियों सहित 5 अप्रैल को आयोजित होने वाली रैली को सफल बनाने के लिए नियुक्त किया गया है। इस कार्यक्रम को हरियाणा स्टेट काउंसिल फॉर फिजियोथेरेपी पंचकूला के निर्देशानुसार संचालित किया जा रहा है। फिजियोथेरेपी विभाग की अध्यक्षा प्रो. जसप्रीत कौर ने फिजियोथेरेपिस्टों की टीम का उत्साहवर्धन करते हुए प्रेरित किया।



हिसार। कैंपस प्लेसमेंट में विद्यार्थियों को पत्र सौंपते छात्र कल्याण निदेशक डॉ. सज्जन सिहाग। फोटो : हरिभूमि

**लुवास के छात्रों को प्रतिष्ठित संस्थानों में मिली प्लेसमेंट**

**हिसार।** लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय के काउंसलिंग एंड प्लेसमेंट सैल के सौजन्य से लुवास से बैचलर ऑफ वेटरनरी साइंस ऐंड एनिमल हसबेंडरी (बीवीएससी एंड एएच) के हाल ही में उत्तीर्ण सात स्नातक छात्रों को दो प्रतिष्ठित संस्थानों द्वारा आकर्षक नौकरी की पेशकश की गई है। दो छात्रों को पुणे स्थित संस्थान बैफ एवं पांच छात्रों को जीएमएम अंजनेया प्राइवेट लिमिटेड के प्रतिष्ठित संस्थान टेल्सवे में चयनित किया गया है। चयनित छात्रों, जिनमें दो छात्राएं एवं पांच छात्र शामिल है को कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव के दौरान कंपनी द्वारा लुवास में आयोजित साक्षात्कार में मौके पर ही नौकरी की पेशकश की गई। कंपनी के अनुसार ये चयनित विद्यार्थी हैदराबाद, पुणे, मुंबई, चंडीगढ़ और गुरुग्राम सहित पूरे भारत में विभिन्न स्थानों पर काम करेंगे। कुलपति प्रो. (डॉ.) नरेश जिंदल ने चयनित छात्रों को उनके भविष्य के प्रयासों के लिए शुभकामनाएं दीं। छात्र कल्याण निदेशक डॉ. सज्जन सिहाग व पशु चिकित्सा महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. गुलशन नारंग ने भी सभी चयनित विद्यार्थियों को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

**NOTICE**

I, Anjani Kumar S/o Sh. Phusa Ram R/o Model Town, Mandi Adampur, Tehsil Adampur, Distt. Hisar (Haryana) declare that spelling of my name is Anajni Kumar in the passprot of my son where as my name's spelling is Anjani Kumar in my original document.

## खबर संक्षेप




बरवाला। गांव सरसौद बिच्छपड़ी में नशा मुक्ति पर जागरूकता रैली निकालते स्वयंसेवक।

### रावमावि में सात दिवसीय एनएसएस शिविर लगाया

**बरवाला।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सरसौद बिच्छपडी में आयोजित सात दिवसीय एनएसएस कैंप संपन्न हुआ। कैंप मुख्य अतिथि प्राचार्य राज सिंह कुंडू की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। इस कैंप के अंतिम दिन स्वयंसेवकों ने कैंप के दौरान किए गए विभिन्न कार्य और अपने अनुभव सांझा किए। इस दौरान स्वयंसेवकों द्वारा नशा मुक्ति पर गांव सरसौद बिच्छपडी में जागरूकता रैली निकाली गई और विद्यालय स्टाफ द्वारा महिला सशक्तिकरण पर व्याख्यान दिए गए। मुख्य अतिथि प्राचार्य राज सिंह कुंडू ने स्वयंसेवकों को जीवन में अनुशासन, स्वच्छता, नशा मुक्ति एवं महिला सशक्तिकरण के बारे में विस्तार से बताया। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी रणजीत सिंह ने स्वयंसेवकों को एनएसएस के उद्देश्यों व कर्तव्यों के बारे में विस्तार से बताया।

### बिजली शुल्क बढ़ाकर किया जनभावनाओं से खिलवाड़

**हिसार।** आदमपुर के विधायक व सेवानिवृत्त आईएएस चंद्रप्रकाश ने बिजली रेट में बढ़ोत्तरी व एचकेआरएन कर्मचारियों को हटाने के आदेश पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि बिजली की प्रति यूनिट दरों में वृद्धि करके भाजपा ने पहले से ही महंगाई



की मार झेल रहे प्रदेशवासियों की मुसीबत और बढ़ा दी है। इस मूल्य वृद्धि से जहां नागरिकों पर और अधिक आर्थिक बोझ बढ़ेगा, वहीं इंडस्ट्री के लिए भी बिजली महंगी कर दी गई है। इससे महंगाई में भी और अधिक इजाफा हो जाएगा। विधायक चंद्रप्रकाश ने कहा कि भाजपा सरकार ने प्राथमिक शिक्षा विभाग में हरियाणा कौशल रोजगार निगम के तहत तैनात टीजीटी को तुरंत प्रभाव से हटाने के आदेश जारी करके शिक्षकों की भावनाओं से खिलवाड़ किया है। भाजपा ने चुनाव के दौरान महंगाई को नियंत्रित करने एवं एचकेआरएन के तहत नियुक्त कर्मचारियों को नौकरी से न निकालने का वादा किया था।

### हवन से नए शैक्षणिक सत्र का किया शुभारंभ

**बरवाला।** डीएवी राजीव गांधी थर्मल पावर प्लांट पब्लिक स्कूल खेदड़ के प्रांगण में हवन यज्ञ के साथ नए शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ किया गया। इस हवन यज्ञ में स्कूल प्राचार्या कोमल शर्मा, स्टाफ और विद्यार्थियों ने मिलकर आहुति डाली और उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए परमात्मा से प्रार्थना की। बच्चों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। हवन पश्चात बाल सभा का आयोजन किया गया, जिसमें प्राचार्या कोमल शर्मा ने नवीन शैक्षणिक निर्देशों के साथ-साथ अध्ययन अध्यापन की योजना की जानकारी दी।

## गुलाबी सुंडी का प्रकोप 76 से घटकर 26 फीसद हुआ

# इस वर्ष भी गुलाबी सुंडी का करें प्रबंधन : प्रो. काम्बोज

### हकृवि में गुलाबी सुंडी के प्रबंधन के लिए प्री-सीजन रिव्यू मीटिंग आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के फ्लैचर भवन में बीटी कपास में गुलाबी सुंडी के प्रकोप एवं प्रबंधन विषय पर हितधारकों की प्री-सीजन रिव्यू मीटिंग आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर कम्बोज ने की।

इस मीटिंग में हरियाणा, पंजाब व राजस्थान के कृषि विश्वविद्यालयों के वैज्ञानिकों, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के अधिकारियों, कपास से जुड़ी बीज कंपनियों, प्रगतिशील किसानों ने भाग लिया व कपास की फसल की आगामी स्थिति पर मंत्रणा कर रणनीति तैयार की। कुलपति प्रो. काम्बोज ने कहा कि गत वर्ष सभी के सहयोग से गुलाबी सुंडी के प्रकोप से कपास की फसल को बचाने में कामयाबी मिली। उन्होंने बताया वर्ष 2023 के मुकाबले वर्ष 2024 में गुलाबी सुंडी का प्रकोप 76 प्रतिशत से घटकर 26 प्रतिशत रहा। उन्होंने बताया कि वैज्ञानिक समय-समय पर संयुक्त एडवाइजरी जारी करते रहे हैं जिससे गुलाबी सुंडी के प्रकोप को कम करने में मदद मिली है। इस वर्ष भी एडवाइजरी को अधिक से अधिक किसानों तक पहुंचाने के प्रयास किए जाएंगे।

कुलपति ने कहा कि किसान नरमे की बन्छटियों को खेत में न रखें। अगर रखी हुई है तो बिजाई से पहले इन्हें अच्छे ढंग से झाडक़र दूसरे स्थान पर रख दें और इनके अधखिले टिण्डों एवं सूखे कचरे को नष्ट कर दें ताकि इन बन्छटियों से निकलने वाली गुलाबी सुंडियों को रोका जा सकें। उन्होंने समन्वित कीट प्रबंधन अपनाने के तरीकों के बारे में भी वैज्ञानिकों के साथ विस्तृत चर्चा की। पंजाब एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी लुधियाना से डॉ. विजय कुमार, एसके राजस्थान एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी बीकानेर से डॉ. एनके शर्मा, कॉटन कारपोरेशन ऑफ़ इंडिया से बृजेश कसना, सीआईसीआर सिरसा से डॉ. ऋषि कुमार, हरियाणा के कपास उत्पादक जिलों के डिप्टी डायरेक्टर ऑफ एग्रीकल्चर ने भी अपने सुझाव दिए।

प्रदेश के कपास उत्पादक जिलों के प्रगतिशील किसानों ने अपने अनुभवों को साझा किया। समीक्षा बैठक में मंच संचालन का कार्य सूत्रकृमि विभाग के अध्यक्ष डॉ. अनिल वत्स ने किया।




हिसार। कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज बैठक की अध्यक्षता करते हुए। फोटो : हरिभूमि

#### प्रबंधन एवं शोध कार्यों की जानकारी दी

विश्वविद्यालय के अनुसंधान निदेशक डॉ. राजबीर गर्ग ने कपास की फसल में गुलाबी सुंडी के प्रकोप पर अंकुश लगाने के लिए किए जा रहे प्रबंधन एवं शोध कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के संयुक्त निदेशक (कपास) डॉ. आर.पी.सिहाग ने कपास की फसल को सुंडी के प्रकोप से निजात दिलाने के लिए विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों के बारे में बताया।

## धूल खा रही स्टाफ के कामों की फाइल

- हरियाणा एजुकेशन मिनिस्ट्रियल स्टाफ एसोसिएशन की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा से सम्बंधित हरियाणा एजुकेशन मिनिस्ट्रियल स्टाफ एसोसिएशन की बैठक खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में खंड प्रधान सतीश रांगी की अध्यक्षता में हुई।

बैठक में मुख्य रूप से हेमसा एसकेएस राज्य महासचिव हितेन्द्र सिहाग , जिला उपप्रधान नितिन बूरा ने मुख्य वक्ता के रूप में शिरकत की। हेमसा एसकेएस जिला उपप्रधान नितिन बूरा ने बताया कि जिस पदोन्नति सूची में रामवतार यादव की पदोन्नति हुई है वह विभाग ने बहुत ही कम जारी की है। लगभग 162 सहायक के पद खाली होने पर भी केवल मात्र 49 सहायक की पदोन्नति करना फील्ड मिनिस्ट्रियल स्टाफ के साथ मजाक है। जबकि निदेशक स्तर पर फील्ड मिनिस्ट्रियल स्टाफ की प्रमोशन फाइलें धूल खा रही हैं।




हांसी। खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय के बाहर प्रदर्शन करते मिनिस्ट्रियल स्टाफ के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

#### ये रहे मौजूद

बैठक के दौरान ज्योति, रुचिका, रेणु, किरण, प्रतिभा, मंजू, सुभाष, नरेश सिहाग, दिनेश बत्रा, देवेन्द्र, जोगेंद्र मलिक जय प्रकाश, अनूप, विक्रम, अमित व अनिल सहित कई अन्य भी मौजूद रहे।

## शिक्षकों ने ओएसडी को सौंपा ज्ञापन

- प्राइवेट स्कूल संघ ने पोर्टल नए सत्र के लिए खोलने की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

प्राइवेट स्कूल संघ हांसी ने अपनी मांगों को लेकर हांसी कार्यकारिणी के संयोजक बलराज सिंह मुवाल व संघ के प्रधान रविन्द्र अत्री ने हरियाणा शिक्षा विभाग के ओएसडी, हिमांशु चौहान को ज्ञापन सौंपा।

ओएसडी को सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया कि प्राइवेट स्कूलों के एमआईएस पोर्टल को और सरकार द्वारा चलाई जाने वाली विभिन्न योजनाओं का पोर्टल नए सत्र के लिए खोला जाए जिस पर ओएसडी हिमांशु चौहान ने बताया कि पोर्टल पर कार्य जारी है और शिक्षा विभाग से जुड़े सभी पोर्टलों को अप्रैल महीने के अन्तिम सप्ताह में खोला जाएगा। सीटों का ब्यौरा देने के लिए अन्तिम तिथि 1 अप्रैल 2025 निर्धारित की हुई थी।



हांसी। हरियाणा शिक्षा विभाग के ओएसडी हिमांशु चौहान को ज्ञापन सौंपते संघ प्रधान रविन्द्र अत्री व बलराज मुवाल। फोटो : हरिभूमि

## छात्रों ने किया अभिलेखागार का भ्रमण

- सहायक निदेशक ने विद्यार्थियों को पुराने तथ्यों की जानकारी दी
- दुर्लभ चित्रों को दिखाया व उनका संरक्षण और उपयोग समझाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

दयानंद महाविद्यालय के इतिहास विभाग के विद्यार्थियों ने इतिहास के स्त्रोतों को प्रत्यक्ष रूप से समझने और उनके मौलिक अध्ययन के उद्देश्य से हिसार मंडल के क्षेत्रीय अभिलेखागार का शैक्षणिक भ्रमण किया।

इस शैक्षणिक यात्रा का नेतृत्व इतिहास विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. महेंद्र सिंह ने किया, जिसमें विभाग के तीनों शिक्षक और विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। लघु सचिवालय के द्वितीय तल पर स्थित अभिलेखागार में पहुंचने पर विभाग के सहायक निदेशक अनिल कुमार ने विद्यार्थियों और शिक्षकों का स्वागत किया तथा अभिलेखागार की ऐतिहासिक और शैक्षणिक महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों को अभिलेखागार में संग्रहित विभिन्न दस्तावेजों, सरकारी पत्रों, ऐतिहासिक फोटो और दुर्लभ चित्रों को दिखाया तथा उनके संरक्षण और उपयोग की प्रक्रिया को विस्तार से समझाया।



हिसार। शैक्षणिक भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को पुराने तथ्यों की जानकारी देते सहायक निदेशक अनिल कुमार व अन्य अधिकारीगण। फोटो : हरिभूमि

## सेक्टर 1 में 30 दिन भी नहीं चल पाई सड़क

- कई जगह से टूटी, कई जगह पर हुई उबड़-खाबड़
- सेक्टरवासियों की एचएसवीपी अधिकारियों से जांच करवाने व सड़क दोबारा बनवाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

वेलफेयर एसोसिएशन व सेक्टरवासियों के बार अनुरोध के पर सेक्टर 1 के मकान न. 2060 से 2147 के बीच बैलेंस रोड़ का फरवरी माह में हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण द्वारा पुनर्निर्माण किया गया था, लेकिन वर्तमान में नई बनाई गई रोड की हालत बेहद खराब हो चुकी है।

नई रोड मुश्किल से एक माह भी नहीं पकड़ पाई। रोड एक महीने के भीतर ही पूरी तरह टूट गया है, कई जगह उबड़-खबड़ हो गया है। इस संबंध में सेक्टरवासियों व वेलफेयर एसोसिएशन ने एचएसवीपी के कार्यकारी अभियंता व अधीक्षण अभियंता को लिखित में शिकायत भेजकर जांच करवाने व इसके लिए जिम्मेवार व्यक्ति के खिलाफ़ कार्रवाई करते हुए सड़क को नए सिरे से निर्माण करवाए जाने की मांग की है।



हिसार। निर्माण के एक महीने बाद ही उखड़ी सड़क। फोटो : हरिभूमि

#### निर्माण सामग्री पर सवाल

सेक्टर 1-4 एसोसिएशन के महासचिव सलाऊदीन कागदाना ने बताया कि इस निर्माण कार्य के दौरान भी सेक्टरवासियों ने निर्माण सामग्री व कर्मकौशल की गुणवता को लेकर एचएसवीपी के कार्यकारी अभियंता समक्ष सवाल उठाए थे। उस दौरान एसडीओ व जेई को भेजा भी था। उन्होंने वहां मौजूद सेक्टरवासियों के सामने ठेकेदार को निर्माण गुणवता सुधारने के लिए बोला भी था। परंतु बावजूद उसके, यह निर्माण बेहद घटिया किस्म का हुआ है। वेलफेयर एसोसिएशन के अनुसार रोड़ का पुनर्निर्माण 12 से 16 फरवरी के बीच किया गया था। एक महीने बाद ही सड़क पूरी तरह टूट कर धंस गई है और लेवल खराब हो चुका है। सड़क टूटने से सेक्टरवासी बेहद परेशान हैं, उनका दैनिक कार्य प्रभावित हो रहा है।

## तमन्ना ने बॉक्सिंग में गोल्ड मेडल जीता

- लीडिंग बॉक्सिंग एकेडमी की खिलाड़ी है तमन्ना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

गंगवा स्थित लीडिंग बॉक्सिंग एकेडमी की होनहार खिलाड़ी तमन्ना (37 किलो) ने रोहतक में हुई पांच दिवसीय राष्ट्रीय प्रतियोगिता में हरियाणा का प्रतिनिधित्व करते हुए स्वर्ण पदक जीतकर अपना व एकेडमी का नाम रोशन किया है। अब वह 17 अप्रैल से एक मई तक अम्मान, जॉर्डन में होने वाली सब-जूनियर एशियन बॉक्सिंग चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी।

यह उपलब्धि न केवल तमन्ना और उनके परिवार बल्कि पूरे हरियाणा के लिए गर्व का विषय है। इस सफलता के लिए उनके कोच सतीश कुमार, अमित कुमार, सुशीला तथा हरियाणा खेल नर्सरी की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। कोच सतीश कुमार ने बताया कि हरियाणा सरकार और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में खिलाड़ियों को जिस तरह से संसाधन और प्रोत्साहन मिल रहा है, वह राज्य को खेलों में नई ऊंचाइयों तक ले जा रहा है। उन्होंने यूथ बॉक्सिंग एसोसिएशन हिसार को युवा एथलीटों के प्रति उनके समर्पण व सहयोग के लिए आभार प्रकट किया।




हिसार। गोल्ड मेडल जीतने वाली खिलाड़ी तमन्ना कोच सतीश कुमार के साथ।

#### आभार जताया

कोच सतीश कुमार ने कहा कि रविंदर पन्नू, भगत सिंह लौरा, अजमेर पन्नू, एडवोकेट मनोज कुश व सुनील राणा की प्रेरणा व उत्साहवर्धन से खिलाड़ी निरंतर आगे बढ़ने का काम कर रहे हैं। इसके साथ ही, लीडिंग सीनियर सेकेंडरी स्कूल के निर्देशक डॉ. एस.पी. पंघाल को भी उनके अमूल्य योगदान और खेलों के प्रति सहयोग के लिए आभार प्रकट किया गया, जिनके मार्गदर्शन में युवा खिलाड़ियों को शिक्षा और खेल का सही संतुलन मिल रहा है।

## छात्राओं को आत्मरक्षा के कौशल सिखाए

- गुजवि में तीन दिवसीय आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के प्रोक्टर कार्यालय एवं छात्रावास प्रशासन के संयुक्त तत्वाधान में छात्रावास परिसर में तीन दिवसीय आत्म रक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में छात्राओं को आत्मरक्षा के महत्वपूर्ण कौशल सिखाए गए।

विश्वविद्यालय की प्रथम महिला डॉ. वंदना बिश्नोई कार्यक्रम की मुख्य अतिथि रही, जबकि तकनीकी सलाहकार प्रो. संदीप राणा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता चीफ वार्डन प्रोफेसर सुजाता सांघी ने की। इस प्रशिक्षण सत्र में प्रशिक्षक रोहतास कुमार ने आत्मरक्षा के विभिन्न महत्वपूर्ण पहलुओं पर प्रकाश डाला। डिप्टी प्रोक्टर डा. अंजू गुप्ता ने बताया कि कार्यक्रम में 100 छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। सभी प्रतिभागी छात्राओं को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए और श्रेष्ठ तीन टीमों की प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया।



हिसार। प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रतिभागियों को सम्मानित करती मुख्यातिथि एवं विश्वविद्यालय की प्रथम महिला डा. वंदना बिश्नोई। फोटो : हरिभूमि

### समाज को नशे से मुक्त बनाने के लिए साइक्लोथॉन में अवश्य भाग लें : मेयर

**हिसार।** प्रदेश को नशा मुक्त बनाने के उद्देश्य से जागरूकता अभियान साइक्लोथॉन 2.0 की शुरुआत 5 अप्रैल को हिसार जिले से होगी। इसकी शुरुआत मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी करेंगे। साइक्लोथॉन रैली हिसार से शुरू होकर भिवानी जाएगी। यह रैली 22 जिलों से होती हुई सिरसा में समापन होगा। इस साइक्लोथॉन रैली को लेकर मेयर प्रवीण पोपली की अध्यक्षता में नगर निगम के पार्षद कक्ष में मार्केट एसोसिएशन एवं गणमान्य लोगों के साथ मीटिंग की। मेयर प्रवीण ने बताया कि यह मीटिंग बुलाने का उद्देश्य साइक्लोथॉन रैली में ज्यादा से ज्यादा लोग भाग लें। मेयर प्रवीण पोपली ने शहरवासियों से अपील की है कि समाज को नशे से मुक्त बनाने के लिए इस साइक्लोथॉन 2.0 रैली में अवश्य भाग लें। इस अवसर पर अतिरिक्त आयुक्त शालिनी चेतल, संयुक्त आयुक्त डॉ. प्रीतपाल सिंह और मार्केट एसोसिएशन के पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद रहे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 9653530207, 8814999173, 9253681005

## अभियान के तहत किया जा रहा रैपिड फीवर मास सर्वे : सीएमओ

# मलेरिया व डेंगू से बचाव के लिए जन-जागरुकता जरूरी

- बुखार से पीड़ित लोगों की शीघ्र पहचान कर उनकी जांच और उपचार किया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

मलेरिया, डेंगू और चिकनगुनिया जैसी वेक्टर जनित बीमारियों के प्रकोप को रोकने के उद्देश्य से स्वास्थ्य विभाग ने व्यापक जन-जागरूकता अभियान की शुरुआत की है।

अभियान का उद्देश्य नागरिकों को इन बीमारियों के कारण, लक्षण, बचाव और रोकथाम के उपायों के प्रति सचेत करना है। सिविल सर्जन डॉ. सपना गहलावत ने बताया कि इस अभियान के तहत रैपिड फीवर मास सर्वे किया जा रहा हैं, जिससे बुखार से पीड़ित लोगों की शीघ्र पहचान कर उनकी जांच और उपचार किया जा सके, प्रत्येक सोमवार को प्रवासी मजदूरों पर विशेष कैंप आयोजित किए जाएंगे। इसके पूर्व के मलेरिया और डेंगू मामलों का फॉलोअप किया जा रहा है और बुखार के लक्षण पाए जाने पर उनके ब्लड की जांच अनिवार्य रूप से की जा रही है। डॉ. सपना गहलावत ने बताया कि इस वर्ष ब्लड स्लाइड टारगेट जुलाई से अक्टूबर के सीजन में 0.75 और ऑफ-सीजन में 0.5 निर्धारित किया गया है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा विशेष रूप से प्रवासी मजदूरों पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है। प्रत्येक सोमवार को भट्ठों, स्लम एरिया, चिनाई लेबर जैसे प्रवासी मजदूरों की बस्तियों में गतिविधियां संचालित की जा रही हैं।



हिसार। बैठक में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश देती सिविल सर्जन डॉ. सपना गहलावत। फोटो : हरिभूमि

#### प्रत्येक सीएचसी को फिश हैचरी स्थापित करने के निर्देश

उन्होंने बताया कि प्रत्येक सीएचसी को इस वर्ष फिश हैचरी स्थापित करने के निर्देश दिए गए हैं, जिससे वे स्वयं गैम्बूसिया मछली का उपयोग कर अपने क्षेत्र के जल स्रोतों में मच्छरों के लार्वा को नियंत्रित कर सकें। सोर्स रिडक्शन गतिविधियों को प्राथमिकता दी जा रही हैं तथा डेली रिपोर्टिंग अनिवार्य की गई है।

#### बारिश के मौसम में खतरा ज्यादा

उप सिविल सर्जन एवं जिला मलेरिया नोडल अधिकारी डॉ. सुभाष खतरेजा ने कहा कि बारिश के मौसम में जलभराव की समस्या बढ़ जाती है, जिससे मच्छरों के पनपने की अनुकूल परिस्थितियां उत्पन्न होती हैं। यही कारण है कि इस मौसम में डेंगू और मलेरिया जैसी बीमारियों का खतरा भी बढ़ जाता है। मच्छर जनित बीमारियों की रोकथाम के लिए नागरिकों को सतर्क रहना आवश्यक है। डॉ. खतरेजा ने बताया कि डेंगू और मलेरिया दोनों ही खतरनाक बीमारियां हैं